

# छात्राओं ने लिया रतलाम को स्वच्छता में नम्बर–1 बनाने का संकल्प

215

रतलाम। स्वच्छ, सुंदर शहर यह महज स्लोगन नहीं बल्कि यह प्रगतिशील जीवन शैली की पहचान है। यह हर किसी के आचार-व्यवहार में शामिल होना चाहिए। परिवेश भी आवरण की तरह है। व्यक्ति सुंदर हो पर उसके आवरण गंदे हो तो वह कुरुप ही दिखेगा।

शहर को हरा-भरा, साफ-स्वच्छ, सुंदर बनाना हर शहर वासी का कर्तव्य है। उक्त विचार नगर निगम उपायुक्त निशिकांत शुक्ला ने महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल में आयोजित स्वच्छता जागरुकता कार्यक्रम के दौरान व्यक्त किए। इस अवसर पर नगर निगम स्वास्थ्य अधिकारी एपीसिंह, व स्कूल प्राचार्य अंजली श्रीवास्तव , स्कूल स्टाफ व सैकड़ों छात्राएं मौजूद रही। स्वच्छ सर्वेक्षण -2021 के तहत आयोजित कार्यक्रम में निबंध, मेंहदी, रांगोली, क्विज, चेयर रेस सहित आधा दर्जन स्पर्धाएं आयोजित की गई जिसमें छात्राओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। उपायुक्त श्री शुक्ला ने स्वच्छता से जुड़ी रांगोली, चित्रकला, मेंहदी निर्माण का अवलोकन करते हुए छात्राओं के कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें पुरुस्कृत भी किया।

**शहर स्थापना का उत्सव मनाएंगे •** होटल जेएमडी पैलेस में 17 फरवरी को सुधिजन रखेंगे राय

# स्थापना उत्सव सोमवार से, 'मेरा रतलाम प्रगति के पथ पर' विषय पर होगी संगोष्ठी

भास्कर संवाददाता | रतलाम

बसंत पंचमी (16 फरवरी) को रतलाम के 369वें स्थापना दिवस पर रतलाम स्थापना महोत्सव समिति द्वारा 15 से 17 फरवरी तक तीन दिनी उत्सव मनाया जाएगा। पहले दिन रत्नेश्वर महादेव की महाआरती, दूसरे दिन रतन सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण और तीसरे दिन 17 फरवरी को सागोद रोड स्थित जेएमडी पैलेस में मेरा रतलाम प्रगति के पथ पर विषय पर संगोष्ठी होगी।

समिति अध्यक्ष प्रवीण सोनी, सचिव मंगल लोढ़ा ने बताया संगोष्ठी के मुख्य वक्ता विधायक चेतन्य काश्यप होंगे। अन्य वक्ताओं में वरिष्ठ पत्रकार शरद जोशी, शिक्षाविद मुरलीधर चांदनीवाला रहेंगे। अध्यक्षता वरिष्ठ चार्टर्ड अकाउंटेंट एसएल चपलोद करेंगे। यह निर्णय गुरुवार को उत्सव की तैयारियों को लेकर संयोजक मुन्नालाल शर्मा की अध्यक्षता में हुई समिति की बैठक लिया गया। प्रदीप उपाध्याय, मोहनलाल धभाई, संतोष पोरवाल, गोपाल शर्मा, आदित्य डागा, राजेश कटारिया, सूरज जाट, सुनील माली, अशोक यादव, राजेश माहेश्वरी, रजनीश गोयल, महेंद्र मूणत, स्नेहिल उपाध्याय, लक्ष्मीनारायण गेहलोत, हितेश सोलंकी, विनोद राठौर, असीम व्यास, मुकेश व्यास, मुकेश पंड्या, नवीन बैरागी, विशाल चावड़ा आदि मौजूद रहे।

## रत्नेश्वर महादेव पर महाआरती के साथ उत्सव की शुरुआत

**स्थापना उत्सव, कब-क्या होगा**

**15 फरवरी** - शाम 7 बजे, रत्नेश्वर रोड स्थित रत्नेश्वर महादेव मंदिर पर महाआरती और महाप्रसादी का वितरण के साथ उत्सव का शुभारंभ।

**16 फरवरी** - सुबह 10.30 बजे - नगर निगम तिराहे पर स्थित महाराजा रतन सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण और स्थापना से आज तक के चित्रों की प्रदर्शनी।

**17 फरवरी** - दोपहर 2 बजे जेएमडी पैलेस में मेरा रतलाम प्रगति के पथ पर विषय पर संगोष्ठी।



रतलाम संस्थापक महाराजा रतन सिंह की प्रतिमा। भास्कर

**रत्नपुरी स्थापना उत्सव समिति निकालेगी वाहन रैली** - 16 फरवरी को रत्नपुरी स्थापना उत्सव समिति सुबह 10 बजे महलवाड़ा चौराहा से वाहन रैली निकालेगी। प्रमुख मार्गों से होकर रैली वापस महलवाड़ा पहुंचकर समाप्त होगी। इस दौरान नगर निगम तिराहा स्थित रतन सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण भी किया जाएगा। समिति दस साल से उत्सव मना रही है।


---

वसंत पंचमी की पूर्व संध्या से होगी शुरुआत, बैठक में सर्वानुमति से तय की रूपरेखा

# तीन दिवसीय होगा रतलाम स्थापना दिवस महोत्सव

रतलाम(नईदुनिया प्रतिनिधि)। रतलाम स्थापना महोत्सव वसंत पंचमी से तीन दिन तक मनाया जाएगा। आयोजन की रूपरेखा के लिए स्थापना महोत्सव समिति की बैठक संस्थापक व संयोजक मुन्नालाल शर्मा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में वसंत पंचमी रतलाम स्थापना दिवस के तीन दिवसीय कार्यक्रम सर्वानुमति से तय किए गए।

उक्त जानकारी देते हुए समिति अध्यक्ष प्रवीण सोनी, सचिव मंगल लोढ़ा ने बताया कि रतलाम स्थापना महोत्सव समिति द्वारा वसंत पंचमी पर तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किए जाने का निर्णय लिया गया है। रतलाम स्थापना महोत्सव समिति ने रतलाम नगर के राजनीतिक, सामाजिक एवं नागरिकों से कार्यक्रम में सम्मिलित होने की अपील की है। बैठक में समिति के सदस्य प्रदीप उपाध्याय, मोहनलाल धभाई, संतोष पोरवाल, गोपाल शर्मा, आदित्य डागा, राजेश कटारिया, सूरज जाट, सुनील माली, अशोक यादव, राजेश माहेश्वरी, रजनीश गोयल, राजू हॉकी, रामचंद्र डोई, ईश्वर रजवाड़िया, महेंद्र मूणत, स्नेहिल उपाध्याय, सुरेशचंद्र चावड़ा, लक्ष्मीनारायण गेहलोत, हितेश सोलंकी, विनोद राठौर, सुनील रांका, मुरलीधर गुर्जर, विक्रम गुर्जर गड्डू, जोंटी गुर्जर, श्याम सोनी, प्रकाश धभाई, तेजपाल रेड़ा, असीम व्यास, राकेश परमार, मुकेश व्यास लालू, नागूसिंह, मुकेश पंड्या, नवीन बैरागी, सत्यनारायण भाटी, कमलसिंह चौहान, प्रहलाद माली, मंगलेश गुर्जर, ओमप्रकाश मकवाना, विशाल चावड़ा, प्रकाश प्रजापति आदि उपस्थित थे।



रतलाम का रणजीत विलास पैलेस (राजमहल)। • नईदुनिया

**महाआरती होगी, प्रदर्शनी लगेगी, रतलाम विकास पर होगी परिचर्चा**

- 15 फरवरी वसंत पंचमी की पूर्व संध्या पर शाम सात बजे रतलाम राज्य के जनक महाराजा रतनसिंह द्वारा स्थापित रत्नेश्वर महादेव मंदिर रत्नेश्वर रोड पर महाआरती कर महाप्रसादी का वितरण कर रतलाम स्थापना महोत्सव का शुभारंभ किया जाएगा।
- 16 फरवरी मंगलवार को प्रातः 10 :30 बजे नगर निगम तिराहे पर महाराजा रतनसिंह प्रतिमा पर माल्यार्पण, मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन कर रतलाम स्थापना से आज तक पर प्रदर्शनी का शुभारंभ किया जाएगा। इस दौरान आतिशबाजी, मिठाई वितरण नगर निगम रतलाम व रतलाम स्थापना महोत्सव समिति के संयुक्त तत्वावधान में किया जाएगा।
- 17 फरवरी बुधवार को दोपहर तीन बजे जेएमडी पैलेस पर संगोष्ठी (परिचर्चा) मेरा रतलाम (प्रगति के पथ पर) का आयोजन किया गया है। इसमें मुख्य वक्ता रतलाम शहर विधायक चेतन्य काश्यप होंगे। वक्ता के रूप में वरिष्ठ पत्रकार शरद जोशी व वरिष्ठ शिक्षाविद् डा. मुरलीधर चांदनीवाला होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ चार्टर्ड अकाउंटेंट एसएल चपलोद करेंगे।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–नईदुनिया–पृष्ठ 3 दिनांक 13.02.2021

# 113 दिनों में ठीक किए 142 वाल्व व 762 पाइप लीकेज

रतलाम। शहर की जलप्रदाय व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए पाइप लाइन व वॉल्व लीकेज ठीक करने का कार्य जलप्रदाय विभाग द्वारा किया जा रहा है। इसके तहत 113 दिनों में 142 वाल्व व 762 पाइप लाइन लीकेजों को ठीक किया जा चुका है। रतलाम जलशक्ति अभियान वाट्सएप ग्रुप में लीकेज की समस्या को अपलोड कर तत्काल निराकरण करवाया जा रहा है। शुक्रवार को महू रोड कलेक्टर कार्यालय के सामने, हाकिमवाड़ा, प्रताप नगर, मिशन कम्पाउंड, राजस्व कॉलोनी, धावरिया बाजार, देवरादेवनारायण नगर, सुभाष नगर, वीआइपी नगर, ईश्वर नगर रेलवे फाटक के पास, कस्तूरबा नगर व हरमाला रोड फूल मंडी के पास पाइप लाइन लीकेज ठीक किए गए। उक्त कार्यवाही कार्यपालन यंत्री सुरेशचंद्र व्यास, जलप्रदाय विभाग प्रभारी सत्यप्रकाश आचार्य, उपयंत्री सुहास पंडित, भैयालाल चौधरी के अलावा नीरज यादव, मोहन आदि के निर्देशन में की गई। नईदुनिया।

## 654 मवेशियों को पकड़कर गोशालाओं में भेजा

रतलाम। नगर निगम द्वारा सार्वजनिक स्थानों, सड़कों, चौराहों पर स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को पकड़कर गोशालाओं में भेजा जा रहा है। इसके तहत अब तक 654 मवेशियों को पकड़कर जिले की गोशालाओं में भेजा जा चुका है। शुक्रवार को ऑफिसर्स कॉलोनी, डीआरपी लाइन व आनंद कॉलोनी से पांच मवेशी निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा पकड़े गए। नईदुनिया।

## मुख्यमंत्री के आगमन जैसी सफाई अब क्यों नहीं

फैय्याज मंसूरी

रतलाम। रतलाम शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने की जिस तरह कोशिश की जा रही है उस कोशिश में लगता हैं कि जानबूझकर कमी की जा रही है वरन रतलाम साफ-स्वच्छ और सुंदर होकर प्रदेश ही देश के लिए रोल मॉडल हो सकता है। यह कहना हैं कांग्रेस के युवा नेता पूर्व पार्षद फैय्याज मंसूरी का। फैय्याज मंसूरी द्वारा प्रेस नोट के माध्यम से बताया गया कि रतलाम में पिछले दिनों प्रदेश के मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर नगर निगम ने जिस मुस्तैदी से उनके आने-जाने वाले रास्तों की सफाई करवाई थी उससे रतलाम नगर की सड़कें साफ चकाचक दिखलाई दी थी। शहर की सफाई व्यवस्था में उसी तरह की सक्रियता बरती जाकर नगर की साफ-सफाई करवाई जाए तो शहर की तस्वीर बदलती नजर आएंगी। लेकिन देखा जा रहा है कि मुख्यमंत्री के जाने के बाद फिर से सड़कों की साइडों पर धूल-मिट्टी और कचरा बिखरा नजर आता है। काश, नगर निगम द्वारा अगर रोजाना शहर की सफाई व्यवस्था उसी मुस्तैदी के साथ गंभीरता से की जाएं तो नगर साफ और सुंदर नजर आएगा। पूर्व पार्षद फैय्याज मंसूरी ने निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया से मांग की हैं कि शहर की सफाई व्यवस्था को और मजबूत बनाए जाने के लिए निगम स्वास्थ्य अमले को गंभीरता के साथ मुस्तैद किया जाएं। स्वदेश

## पूर्व पार्षद ने उठाए स्वच्छता अभियान पर सवाल

रतलाम. नगर निगम के पूर्व पार्षद व वरिष्ठ कांग्रेस नेता फैय्याज मंसूरी ने स्वच्छता सर्वेक्षण 2021 पर सवालिया निशान उठा दिए है। मंसूरी ने निगम के अधिकारियों को पत्र लिखकर सवाल किया है कि जिस तरह की सफाई मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान के आने पर हुई वैसी ही प्रतिदिन क्यों नहीं होती है। शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने की जिस तरह कोशिश की जा रही है उस कोशिश में लगता हैं कि जानबूझकर कमी की जा रही है वरन रतलाम साफ-स्वच्छ और सुंदर होकर प्रदेश ही देश के लिए रोल मॉडल हो सकता है। पूर्व पार्षद ने निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया से मांग की हैं कि शहर की सफाई व्यवस्था को और मजबूत बनाए। पत्रिका

## सीएम के दौरे पर सफाई रही, बाद में गंदगी

रतलाम। रतलाम साफ-स्वच्छ और सुंदर होकर प्रदेश ही नहीं देश के लिए रोल मॉडल हो सकता है, लेकिन शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में जानबूझकर कमी की जा रही है। यह बात कांग्रेस नेता व पूर्व पार्षद फैयाज मंसूरी ने कही। मंसूरी ने कहा कि गत दिनों मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर नगर निगम ने जिस मुस्तैदी से उनके आने-जाने वाले रास्तों की सफाई करवाई थी। उसी तरह की सक्रियता बरती जाए तो शहर की तस्वीर बदलती नजर आएगी। मुख्यमंत्री के जाने के बाद फिर से सड़कों की साइडों पर धूल-मिट्टी और कचरा बिखरा नजर आता है। मंसूरी ने निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया से शहर की सफाई व्यवस्था को बेहतर करने के लिए निगम अमले को मुस्तैदी से तैनात करने की मांग की है।

# विकास की सौगातें देने पर विधायक काश्यप का अभिनंदन किया



रतलाम। 1800 हेक्टेयर क्षेत्र में 1800 करोड़ की लागत वाला प्रदेश का दूसरा निवेश क्षेत्र स्वीकृत कराने एवं पांच साल की रोडमेप की कई योजनाएं स्वीकृत कराने पर ओदुम्बर ब्राह्मण समाज, जांगिड़ ब्राह्मण समाज एवं ओदुम्बर ब्राह्मण महासभा सहित अन्य संस्थाओं ने विधायक चेतन्य काश्यप का अभिनंदन किया। श्री काश्यप द्वारा अयोध्या में भगवान श्रीराम के भव्य राम मंदिर निर्माण हेतु 1 करोड़ की राशि समर्पित करने पर भी उनका सम्मान किया गया।

श्री जांगीड़ ब्राह्मण समाज महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष जनक नागल और अध्यक्ष पुष्पेन्द्र फलोदिया के नेतृत्व में समाजजनों ने श्री काश्यप को शाल, श्रीफल एवं भगवान श्री विश्वकर्मा की तस्वीर भेंट कर सम्मान किया। श्री ओदुम्बर ब्राह्मण समाज द्वारा अध्यक्ष प्रवीण कुमार उपाध्याय के नेतृत्व में श्री काश्यप का सम्मान किया गया। ओदुम्बर ब्राह्मण महासभा के सदस्यों एवं महिला मंडल ने इन्दु उपाध्याय के नेतृत्व में स्वागत व सम्मान किया। इस दौरान बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे। तेजस्वी भारत की बेटी संस्था की ओर से अध्यक्ष डॉ. स्मिता शर्मा, संस्था संरक्षक एवं आयुष ग्राम बंजली के संस्थापक डॉ. राजेश शर्मा ने भी श्री काश्यप का अभिनंदन किया। खेल चेतना मेला आयोजन समिति के सदस्यों ने भी समिति सचिव मुकेश जैन, क्रीड़ा भारती के जिलाध्यक्ष डॉ. गोपाल मजावदिया एवं सचिव अनुज शर्मा के नेतृत्व में श्री काश्यप का अभिनंदन कर रतलाम के विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। इस दौरान बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे। आर्ट ऑफ लिविंग परिवार के रविन्द्र गेहलोत एवं लक्ष्मण पाठक ने स्वामी विवेकानंद की तस्वीर भेंट कर श्री काश्यप का सम्मान किया।

इन्दौर समाचार

# विकास की सौगातें देने पर काश्यप का सम्मान



शहर विधायक चेतन्य काश्यप का सम्मान करते हुए खेल संगठनों के पदाधिकारी। • नईदुनिया

रतलाम। 1800 हेक्टेयर क्षेत्र में 1800 करोड़ की लागत वाला प्रदेश का दूसरा निवेश क्षेत्र स्वीकृत कराने व पांच साल के रोडमैप की कई योजनाएं स्वीकृत कराने पर औदुम्बर ब्राह्मण समाज, जांगिड़ ब्राह्मण समाज और औदुम्बर ब्राह्मण महासभा सहित अन्य संस्थाओं ने विधायक चेतन्य काश्यप का अभिनंदन किया। काश्यप का अयोध्या में भगवान श्रीराम के मंदिर निर्माण के लिए एक करोड़ की राशि समर्पित करने पर भी सम्मान किया गया।

श्री जांगिड़ ब्राह्मण समाज महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष जनक नागल, अध्यक्ष पुष्पेंद्र फलोदिया के नेतृत्व में समाजजनों ने काश्यप का शॉल, श्रीफल, भगवान विश्वकर्मा की तस्वीर भेंट कर सम्मान किया। श्री औदुम्बर ब्राह्मण समाज द्वारा अध्यक्ष प्रवीण कुमार उपाध्याय के नेतृत्व में काश्यप का सम्मान किया गया। औदुम्बर ब्राह्मण महासभा के सदस्यों व महिला मंडल ने इंदु उपाध्याय के नेतृत्व में स्वागत-सम्मान किया। इस दौरान बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे। तेजस्वी भारत की बेटी संस्था की ओर से अध्यक्ष डा. स्मिता शर्मा, संस्था संरक्षक व आयुष ग्राम बंजली के संस्थापक डा. राजेश शर्मा ने भी काश्यप का अभिनंदन किया। खेल चेतना मेला आयोजन समिति के सदस्यों ने भी समिति सचिव मुकेश जैन, क्रीड़ा भारती के जिलाध्यक्ष डा. गोपाल मजावदिया, सचिव अनुज शर्मा के नेतृत्व में काश्यप का अभिनंदन कर रतलाम के विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। इस दौरान कई खेल प्रेमी उपस्थित थे। आर्ट ऑफ लिविंग परिवार के रवींद्र गेहलोत, लक्ष्मण पाठक ने स्वामी विवेकानंद की तस्वीर भेंट कर सम्मान किया।

नईदुनिया।

# स्वच्छता अपनाओं, नगर को महानगर बनाओं

**स्वच्छता सर्वेक्षण-2021 के तहत शहर के महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल में विभिन्न स्पर्धाओं के साथ जागरुकता कार्यक्रम संपन्न सैकड़ों बेटियों ने लिया रतलाम को स्वच्छता में नम्बर-1 बनाने का संकल्प**





**रतलाम।** स्वच्छ, सुंदर शहर यह महज स्लोगन नहीं बल्कि यह प्रगतिशील जीवन शैली की पहचान है। यह हर किसी के आचार-व्यवहार में शामिल होना चाहिए। परिवेश भी आवरण की तरह है। व्यक्ति सुंदर हो पर उसके आवरण गंदे हो तो वह कुरुप ही दिखेगा। शहर को हरा-भरा, साफ-स्वच्छ, सुंदर बनाना हर शहर वासी का कर्तव्य है।

उक्त विचार नगर निगम उपायुक्त निशिकांत शुक्ला ने महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल में आयोजित स्वच्छता जागरुकता कार्यक्रम के दौरान व्यक्त किए। इस अवसर पर नगर निगम स्वास्थ्य अधिकारी एपीसिंह, व स्कूल प्राचार्य अंजली श्रीवास्तव, स्कूल स्टाफ व सैकड़ों छात्राएं मौजूद रही।

छात्राओं को संबोधित करते हुए उपायुक्त श्री शुक्ला ने कहा कि आओं हम सब मिलकर रतलाम शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए कदम बढ़ाए। मेरा शहर मेरी शान, स्वच्छता से हो इसकी पहचान, हमे इस प्रकार की धारणा के साथ एकजुट होकर स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 मे हमारे शहर को स्वच्छता की दौड़ में नम्बर-बनाना है। रतलाम नगर को अगर महानगर की श्रेणी में खड़ा करना है तो हर किसी को स्वच्छता पर ध्यान देना होगा। स्वच्छ सर्वेक्षण -2021 के तहत आयोजित कार्यक्रम में निबंध, मेंहदी, रांगोली, क्विज, चेयर रेस सहित आधा दर्जन स्पर्धाएं आयोजित की गई जिसमें छात्राओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। उपायुक्त श्री शुक्ला ने स्वच्छता से जुड़ी रांगोली, चित्रकला, मेंहदी निर्माण का अवलोकन करते हुए छात्राओं के कार्यों की सराहना करते हुए उन्हे पुरुस्कृत भी किया। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार अब शहर के कचरा मुक्त स्थल, सार्वजनिक स्थलो, स्कूल, कालेजों आदि स्थानों पर लोगो से शहर को साफ और सुंदर बनाए रखने की अपील की जा रही है। इस दौरान गुरुवार को सफाई मित्र समूह की टीम ने आधा दर्जन स्थानों पर स्थित कचरा मुक्त स्थानों के साथ ही सार्वजनिक स्थलों पर पर रांगोली बना कर इन क्षेत्रों के रहवासियों को स्वच्छता की शपथ दिला कर दीप दान किया गया है।

शौचालय का प्रयोग करने के लिए लोगो में जागरुकता फैलायें, अपने आस-पास रखे कूड़ेदान का प्रयोग करने के लिये लोगों को बतायें, कॉर्टून और चित्रों के जरिये लोगो को स्वच्छता के सही मायने समझायें, स्वच्छ पेयजल आपूर्ति के लिये लोगों को जागरुक बनाने का प्रयास करेंगे, गंदगी नहीं फैलाएंगे और ऐसा करने वालों को विनम्रता पूर्वक रोकने का प्रयास करेंगे, सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को स्वच्छता बनाये रखने संबंधी अभियान चलाएंगे, पान, गुटका और तम्बाकू जैसे उत्पादो का सेवन करने वालों को स्वच्छता के प्रति प्रेरित करेंगे, सरकारी, गैरसरकारी संस्थानों, स्कूलो, सार्वजनिक इलाकों, मौहल्लो, कालोनियों, बगीचों और घरों में स्वच्छता बनाये रखने के लिए लोगों को शिक्षित बनाएंगे, स्वच्छता के लिए नालियों की गंदगी, नालो, तालाबों के आस-पास जमे कूड़े-करकट, सड़कों की सफाई करेंगे।

**पटवारियों पर सख्ती •** कलेक्टर ने समय सीमा पत्रों की समीक्षा करते हुए दिए निर्देश

# बिना इजाजत मुख्यालय नहीं छोड़ें, सोमवार व गुरुवार पंचायत में रहें

## अनुपस्थित रहने पर प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के कार्यपालन यंत्री तोमर को नोटिस

भास्कर संवाददाता | रतलाम

एसडीएम की अनुमति के बगैर कोई भी पटवारी मुख्यालय नहीं छोड़ेगा। पटवारी हर सोमवार व गुरुवार को अपनी पंचायत में उपस्थित ही रहेंगे। पंचायत में पटवारी का नाम तथा उसके मिलने का समय भी लिखा जाए। पटवारियों को कोई भी तहसीलदार अथवा नायब तहसीलदार छुट्टी नहीं देंगे।

यह निर्देश कलेक्टर गोपालचंद्र डाड ने शुक्रवार को समय सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में दिए। उन्होंने कहा रतलाम शहर में उपलब्ध शासकीय भूमि को सूचीबद्ध करें। अब भूमि आवंटन नजूल निवर्तन नियम के अनुसार ही होगा। समस्त शासकीय भूमि नजूल भूमि कहलाएगी। सभी राजस्व अधिकारियों को नजूल निवर्तन नियम प्रक्रिया की ट्रेनिंग दी जा चुकी है। बैठक में अनुपस्थित रहने पर प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के कार्यपालन यंत्री आरएस तोमर को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

**ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था के लिए एक्शन प्लान बनाएं -** कलेक्टर ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री को निर्देश दिए कि आगामी गर्मी में ग्रामीण क्षेत्रों की पेयजल व्यवस्था के लिए एक्शन प्लान बनाकर 28 फरवरी तक भेजें।

### सैलाना, धामनोद, आंबा, भोजाखेड़ी, किशनपुर में पंजीयन धीमा

सैलाना, धामनोद, आंबा, भोजाखेड़ी, किशनपुर आदि में किसानों का पंजीयन बहुत धीमा हो रहा है। इस पर कलेक्टर ने इन केंद्रों पर गति लाने के लिए सहकारिता निरीक्षक तैनात किए जाएं। एसडीएम, तहसीलदार पंजीयन के साथ रकबे का रैंडम सत्यापन करें। बैठक में जिला आपूर्ति अधिकारी विवेक सक्सेना ने बताया जिले में 65 केंद्रों पर समर्थन मूल्य गेहूं उपार्जन के लिए अब तक 32 हजार किसान पंजीयन करा चुके। गत वर्ष इस समय तक मात्र 17 हजार किसानों ने पंजीयन कराया था।

**एकीकृत पोषण प्रबंधन में महिला बाल विकास विभाग संभाग में प्रथम -** एकीकृत पोषण प्रबंधन में महिला बाल विकास संभाग में प्रथम पायदान पर आ गया है। वहीं प्रदेश में चौथे स्थान पर है। कलेक्टर ने महिला एवं विकास विकास अधिकारी विनीता लोढ़ा के कार्य की प्रशंसा करते हुए बाजना में पोषण पुनर्वास केंद्र के कार्य में सुधार लाने के निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में खनिज विभाग द्वारा 5 शिकायतों के संतोषपूर्वक निराकरण करते हुए शिकायतों को शून्य करने पर कलेक्टर ने प्रशंसा की। भास्कर

## निगम आयुक्त श्री झारिया व निगम अधिकारियों ने लगवाया कोरोना का टीका



रतलाम । फ्रंट लाईन वर्करो को लगाये जा रहे कोरोना टीकाकरण अभियान के तहत निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने डीआरपी लाईन स्थित कोविड वेक्सीन सेंटर 21 में कोरोना का टीका लगवाया। इसके अलावा उपायुक्त श्री विकास सोलंकी, कार्यपालन यंत्री श्री सुरेषचन्द व्यास, श्री जी.के. जायसवाल, सहायक यंत्री श्री ष्याम सोनी, उपयंत्री श्री राजेष पाटीदार सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारियों ने भी डीआरपी लाईन स्थित कोविड वेक्सीन सेंटर 21 सहित अन्य सेन्टरों पर कोरोना का टीका लगवाया।

## निगम आयुक्त व निगम अधिकारियों ने लगवाया कोरोना का टीका

रतलाम। फ्रंट लाईन वर्करों को लगाए जा रहे कोरोना टीकाकरण अभियान के तहत निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने डी.आर पी लाईन स्थित कोविड वेक्सीन सेंटर 21 में कोरोना का टीका लगवाया। इसके अलावा उपायुक्त विकास सोलंकी, कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, जी.के. जायसवाल, सहायक यंत्री श्याम सोनी, उपयंत्री राजेश पाटीदार सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारियों ने भी डीआरपी लाईन स्थित कोविड वेक्सीन सेंटर 21 सहित अन्य सेन्टरों पर कोरोना का टीका लगवाया।

## निगम आयुक्त व निगम अधिकारियों ने लगवाया कोरोना का टीका

रतलाम। फ्रंट लाईन वर्करो को लगाये जा रहे कोरोना टीकाकरण अभियान के तहत निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने डीआरपी लाईन स्थित कोविड वेक्सीन सेंटर 21 में कोरोना का टीका लगवाया। इसके अलावा उपायुक्त विकास सोलंकी, कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, जी.के. जायसवाल, सहायक यंत्री श्याम सोनी, उपयंत्री राजेश पाटीदार सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारियों ने भी डीआरपी लाईन स्थित कोविड वेक्सीन सेंटर 21 सहित अन्य सेन्टरों पर कोरोना का टीका लगवाया।

## निगम आयुक्त व निगम अधिकारियों ने लगवाया कोरोना का टीका

रतलाम। फ्रंट लाईन वर्करो को लगाये जा रहे कोरोना टीकाकरण अभियान के तहत निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने डीआरपी लाईन स्थित कोविड वेक्सीन सेंटर 21 में कोरोना का टीका लगवाया। इसके अलावा उपायुक्त विकास सोलंकी, कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, जी.के. जायसवाल, सहायक यंत्री श्याम सोनी, उपयंत्री राजेश पाटीदार सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारियों ने भी डीआरपी लाईन स्थित कोविड वेक्सीन सेंटर 21 सहित अन्य सेन्टरों पर कोरोना का टीका लगवाया।

### समीक्षा में नदारद अधिकारी को नोटिस देने के निर्देश

# कलेक्टर की समीक्षा बैठक में कुछ को सराहना तो कुछ को पड़ी फटकार

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. कलेक्टर कार्यालय स्थित सभाकक्ष में शुक्रवार को कलेक्टर गोपालचंद्र डाड ने समीक्षा बैठक बुलाई। इसमें कुछ अधिकारियों को बेहतर काम करने पर शाबाशी मिली तो कुछ को फटकार का सामना करना पड़ा। वहीं एक अधिकारी के नहीं आने पर उन्हे नोटिस जारी करने के निर्देश भी कलेक्टर ने जारी किए हैं।

कलेक्टर की बैठक में अनुपस्थित रहने पर प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के कार्यपालन यंत्री आर.एस. तोमर को शोकॉज नोटिस जारी करने के निर्देश कलेक्टर द्वारा दिए गए। कलेक्टर ने डीपीसी द्वारा सक्रियता से कार्य नहीं किए जाने परनाराजगी जताई। वार्षिक कार्य योजना तत्काल तैयार करने के निर्देश दिए गए। बीपीएल कार्डधारकों की आधार सीडिंग की समीक्षा में कलेक्टर द्वारा सैलाना, बाजना तथा रतलाम ग्रामीण क्षेत्रों में कार्य में गति लाने के निर्देश दिए गए। बताया कि सैलाना में 8696, रतलाम जनपद में 8007 आधार सीडिंग शेष हैं।

## पटवारी अपना मुख्यालय नहीं छोड़े

कलेक्टर ने सभी एसडीएम को निर्देशित किया गया कि उनके संज्ञान के बगैर कोई भी पटवारी अपना मुख्यालय नहीं छोड़े। ग्राम पंचायतों में सोमवार, गुरुवार को पटवारी अपनी निश्चित पंचायत में उपस्थित रहे। वहां पटवारी का नाम तथा उसके मिलने का समय भी अंकित कराया जाए। पटवारियों को कोई भी तहसीलदार व नायब तहसीलदार छुट्टी नहीं देंगे। रतलाम शहर में उपलब्ध शासकीय भूमि को सूचीबद्ध करें।

## शासकीय भूमि नजूल भूमि कहलाएगी

कलेक्टर द्वारा राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि अब भूमि आवंटन नजूल निवर्तन नियम के अनुसार ही होगा। सभी राजस्व अधिकारियों को नजूल निवर्तन नियम प्रक्रिया की ट्रेनिंग दी जा चुकी है। समस्त शासकीय भूमि नजूल भूमि कहलाएगी, सभी राजस्व अधिकारी नजूल निवर्तन नियमों का भली-भांति अध्ययन कर लें।



**संभाग में प्रथम स्थान :** बैठक में बताया गया कि महिला बाल विकास विभाग के अंतर्गत शासन के एकीकृत पोषण प्रबंधन कार्यक्रम के क्रियान्वयन में रतलाम जिले का राज्य में चौथा स्थान है तथा संभाग में प्रथम स्थान है। कलेक्टर ने उल्लेखनीय कार्य पर विभाग की सराहना की गई। साथ ही बाजना में पोषण पुनर्वास केंद्र के कार्य में सुधार लाने के निर्देश दिए गए।

## मॉनिटरिंग के निर्देश

बैठक में जानकारी दी गई कि राजस्व विभाग के तहसीलदारों के पास निजी भूमि पर अतिक्रमण के 18 मामले लंबित हैं, शहरी विकास में 20 शिकायतें लंबित है। नामांतरण की लंबित शिकायतों की ज्यादा संख्या पाई जाने पर कलेक्टर द्वारा अधीक्षक लैंड रिकॉर्ड को विशेष रूप से मानिटरिंग के लिए निर्देशित किया गया।

## किया जाएं सक्रिय

वन अधिकार अधिनियम के तहत हितग्राहियों को भू अधिकार पत्र दिए जाने की समीक्षा के दौरान कलेक्टर द्वारा अच्छा कार्य किए जाने पर एसडीएम सैलाना तथा सैलाना, बाजना तहसीलदारों की सराहना की गई। सैलाना व बाजना क्षेत्रों में लगभग 3500 दावे क्लियर किए जा चुके हैं, अभी करीब 2500 दावों का निपटारा बाकी है। पत्रिका

## आवेदनों का जल्द करें निराकरण

जनसुनवाई में आए हुए आवेदनों के निराकरण की भी कलेक्टर द्वारा समीक्षा की गई। कलेक्टर ने पाया कि रतलाम शहर के सर्वाधिक 246 आवेदन निराकरण के लिए लंबित है, इस पर कलेक्टर द्वारा शहर तहसीलदार नवीन गर्ग को तेजी से कार्य करने के निर्देश दिए गए। जावरा शहर के 40, आलोट में 10, ताल में 15 तथा रावटी में 30 जनसुनवाई आवेदन निराकरण के लिए शेष पाए गए।

## 28 के पहले बने एक्शन प्लान

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री को निर्देशित किया कि आगामी ग्रीष्म के दौरान जिले में ग्रामीण क्षेत्रों की सुचारू पेयजल व्यवस्था के लिए एक्शन प्लान बनाकर तत्काल शासन को भेजें। यह कार्य आगामी 28 फरवरी के पूर्व कर लिया जाए। पेयजल परिरक्षण अधिनियम के तहत आदेश जारी करने के लिए 28 फरवरी के बाद विचार किया जाएगा।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–अवन्तिका–पृष्ठ 05 दिनांक 13/02/2021

# स्वच्छता अपनाओं, नगर को महानगर बनाओं–उपायुक्त शुक्ला

**दैनिक अवंतिका** ● रतलाम

स्वच्छ, सुंदर शहर यह महज स्लोगन नहीं बल्कि यह प्रगतिशील जीवन शैली की पहचान है। यह हर किसी के आचार-व्यवहार में शामिल होना चाहिए। परिवेश भी आवरण की तरह है। व्यक्ति सुंदर हो पर उसके आवरण गंदे हो तो वह कुरूप ही दिखेगा। शहर को हरा-भरा, साफ-स्वच्छ, सुंदर बनाना हर शहर वासी का कर्तव्य है।

उक्त विचार नगर निगम उपायुक्त निशिकांत शुक्ला ने महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल में आयोजित स्वच्छता जागरुकता कार्यक्रम के दौरान व्यक्त किए। इस अवसर पर नगर निगम स्वास्थ्य अधिकारी एपीसिंह, व स्कूल प्राचार्य अंजली श्रीवास्तव, स्कूल स्टाफ व सैकड़ों छात्राएं मौजूद रही।

छात्राओं को संबोधित करते हुए उपायुक्त श्री शुक्ला ने कहा कि आओं हम सब मिलकर रतलाम शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए कदम बढ़ाए। मेरा शहर मेरी शान, स्वच्छता से ही इसकी पहचान, हमे इस प्रकार की धारणा के साथ एकजुट होकर स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 में हमारे शहर को स्वच्छता की दौड़ में नम्बर-बनाना है। रतलाम नगर को अगर महानगर की श्रेणी में खड़ा करना है तो हर किसी को स्वच्छता पर ध्यान देना होगा।



स्वच्छ सर्वेक्षण -2021 के तहत आयोजित कार्यक्रम में निबंध, मेंहदी, रंगोली, क्विज, चेयर रेस सहित आधा दर्जन स्पर्धाएं आयोजित की गई जिसमें छात्राओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। उपायुक्त श्री शुक्ला ने स्वच्छता से जुड़ी रंगोली, चित्रकला, मेंहदी निर्माण का अवलोकन करते हुए छात्राओं के कार्यों की सराहना करते हुए उन्हे पुरुस्कृत भी किया।

नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार अब शहर के कचरा मुक्त स्थल, सार्वजनिक स्थलो, स्कूल, कालेजों आदि स्थानों पर लोगों से शहर को साफ और सुंदर बनाए रखने की अपील की जा रही है। इस दौरान गुरुवार को सफाई मित्र समूह की टीम ने आधा दर्जन स्थानों पर स्थित कचरा मुक्त स्थानों के साथ ही सार्वजनिक स्थलों पर पर रंगोली बना कर इन क्षेत्रों के रहवासियों को स्वच्छता की शपथ दिला कर दीप दान किया गया है। शौचालय का प्रयोग करने के लिए लोगों में जागरूकता फैलाये, अपने आस-पास रखे कूड़ेदान का प्रयोग करने के लिये लोगों को बतायें, कॉर्टून और चित्रों के जरिये लोगों को स्वच्छता के सही मायने समझायें, स्वच्छ पेयजल आपूर्ति के लिये लोगों को जागरूक बनाने का प्रयास करेंगे, गंदगी नहीं फैलाएंगे और ऐसा करने वालों को विनम्रता पूर्वक रोकने का प्रयास करेंगे, सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को स्वच्छता बनाये रखने संबंधी अभियान चलाएंगे, पान, गुटका और तम्बाकू जैसे उत्पादों का सेवन करने वालों को स्वच्छता के प्रति प्रेरित करेंगे, सरकारी,गैरसरकारी संस्थानों, स्कूलो,सार्वजनिक इलाकों, मोहल्लों, कालोनियों, बागीचों और घरों में स्वच्छता बनाये रखने के लिए लोगों को शिक्षित बनाएंगे, स्वच्छता के लिए नालियों की गंदगी, नालो,तालाबों के आस-पास जमे कूड़ा-करकट एवं सड़कों की सफाई करेंगे। अवन्तिका

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार स्वतंत्र ... पृष्ठ ..09.. दिनांक 13/02/...2021



# विकास की सौगातें देने पर विधायक काश्यप का अभिनंदन किया

रतलाम, । 1800 हेक्टेयर क्षेत्र में 1800 करोड़ की लागत वाला प्रदेश का दूसरा निवेश क्षेत्र स्वीकृत कराने एवं पांच साल की रोड्मेप की कई योजनाएं स्वीकृत कराने पर ओदुम्बर ब्राह्मण समाज, जांगीड़ ब्राह्मण समाज एवं ओदुम्बर ब्राह्मण महासभा सहित अन्य संस्थाओं ने विधायक चेतन्य काश्यप का अभिनंदन किया। श्री काश्यप द्वारा अयोध्या में भगवान श्रीराम के भव्य राम मंदिर निर्माण हेतु 1 करोड़ की राशि समर्पित करने पर भी उनका सम्मान किया गया। श्री जांगीड़ ब्राह्मण समाज महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष जनक नागल और अध्यक्ष पुष्पेन्द्र फलोदिया के नेतृत्व में समाजजनों ने श्री काश्यप का शाल, श्रीफल एवं भगवान श्री विश्वकर्मा की तस्वीर भेंट कर सम्मान किया। श्री ओदुम्बर ब्राह्मण समाज द्वारा अध्यक्ष प्रवीण कुमार उपाध्याय के नेतृत्व में श्री काश्यप का सम्मान किया गया। ओदुम्बर ब्राह्मण महासभा के सदस्यों एवं महिला मंडल ने इन्दु उपाध्याय के नेतृत्व में स्वागत व सम्मान किया। इस दौरान बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे। तेजस्वी भारत की बेटी संस्था की ओर से अध्यक्ष डॉ. स्मिता शर्मा, संस्था संरक्षक एवं आयुष ग्राम बंजली के संस्थापक डॉ. राजेश शर्मा ने भी श्री काश्यप का अभिनंदन किया। खेल चेतना मेला आयोजन समिति के सदस्यों ने भी समिति सचिव मुकेश जैन, क्रीड़ा भारती के जिलाध्यक्ष डॉ. गोपाल मजावदिया एवं सचिव अनुज शर्मा के नेतृत्व में श्री काश्यप का अभिनंदन कर रतलाम के विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। इस दौरान बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे। आर्ट ऑफ लिविंग परिवार के रविन्द्र गेहलोत एवं लक्ष्मण पाठक ने स्वामी विवेकानंद की तस्वीर भेंट कर श्री काश्यप का सम्मान किया।

स्वतंत्र

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार राज एक्सप्रेस पृष्ठ 06 दिनांक 13/02/2021

**अनदेखी उजागर** कांग्रेस के युवा नेता पूर्व पार्षद फैय्याज मंसूरी ने कहा मुख्यमंत्री के दौरे के बाद वापस इन सड़कों पर धूल जम गई है, नहीं हो रही सफाई

# मुख्यमंत्री के आगमन जैसी सफाई, अब क्यों नहीं : मंसूरी

**रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क**

रतलाम शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने की जिस तरह कोशिश की जा रही है उस कोशिश में लगता है कि जानबूझकर कमी की जा रही है। वरन रतलाम साफ-स्वच्छ और सुंदर होकर प्रदेश ही नहीं देश के लिए भी रोल मॉडल हो सकता है।

यह कहना है कांग्रेस के युवा नेता पूर्व पार्षद फैय्याज मंसूरी का। फैय्याज मंसूरी द्वारा बयान जारी कर बताया गया कि रतलाम में पिछले दिनों प्रदेश के मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर नगर निगम ने जिस मुस्तैदी से उनके आने-जाने वाले रास्तों की सफाई करवाई थी उससे रतलाम नगर की सड़कें साफ चकाचक दिखाई देने लगी थी, लेकिन मुख्यमंत्री के दौरे के बाद वापस इन सड़कों पर धूल जम गई है और नगर निगम के जिम्मेदार सफाई नहीं कर रहे है जिससे शहर साफ नजर नहीं आ रहा है। शहर की सफाई व्यवस्था में उसी तरह की सक्रियता बरती जाकर नगर की साफ-सफाई करवाई जाए तो शहर की तस्वीर बदलती नजर आएंगी, लेकिन देखा जा रहा है कि मुख्यमंत्री के जाने के बाद फिर से सड़कों की साइडों पर धूल-मिट्टी और कचरा बिखरा नजर आता है।



## सफाई के प्रति गंभीर नहीं प्रशासन

काश, नगर निगम द्वारा अगर रोजाना शहर की सफाई व्यवस्था उसी मुस्तैदी के साथ गंभीरता से की जाए तो नगर साफ और सुंदर नजर आएगा। पूर्व पार्षद फैय्याज मंसूरी ने निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया से मांग की है कि शहर की सफाई व्यवस्था को और मजबूत बनाए जाने के लिए निगम स्वास्थ्य अमले को गंभीरता के साथ मुस्तैद किया जाए।

# महाविद्यालय की खुली किताब प्रणाली से होगी परीक्षा

## स्नातक तृतीय वर्ष पूरक परीक्षा आज से

जावरा। भगतसिंह शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. प्रदीप एस पंवार ने बताया कि विक्रम विश्व विद्यालय उज्जैन द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार स्नातक बी.ए, बी.एस.सी एवं बी.कॉम तृतीय वर्ष के ऐसे विद्यार्थी जिन्हे 2020 मे पूरक की पात्रता थी तथा जिन्होंने पूरक के परीक्षा फार्म भर दिए है, उनकी पूरक परीक्षा अब ओपन बुक प्रणाली के माध्यम से आयोजित होगी। विश्व विद्यालय द्वारा आज 13 फरवरी शनिवार को प्रश्न पत्र अपलोड किए जाऐंगे, जिसके आधार पर घर से उत्तर पुस्तिकाएं लिखकर परीक्षार्थी अग्रणी शासकीय कला विज्ञान महाविद्यालय रतलाम में सोमवार को जमा करना होगा। साथ ही विद्यार्थी रजिस्टर्ड डाक से 22 फरवरी तक पहुंचाने की स्थिति में भी प्रेषित कर सकते है।

२१५

### कलेक्टर ने लैंड रिकॉर्ड, कब्जा और स्थिति की पूरी रिपोर्ट मांगी

# पूरे जिले में सभी सरकारी जमीन अब से नजूल भूमि

दबंग रिपोर्टर ■ रतलाम

अब पूरे जिले में भूमि आवंटन नजूल निवर्तन नियम के अनुसार ही होगा। समस्त शासकीय भूमि नजूल भूमि कहलाएगी, सभी राजस्व अधिकारी नजूल निवर्तन नियमों का भली-भांति अध्ययन कर लें। यह निर्देश कलेक्टर गोपालचंद डाड ने शुक्रवार को विभागों की टीएल बैठक में लिए। कलेक्टर ने जमीन की हेराफेरी पर सख्ती दिखाते हुए निर्देशित किया कि रतलाम शहर में उपलब्ध शासकीय भूमि को सूचीबद्ध करें। बैठक में जानकारी दी गई कि राजस्व विभाग के तहसीलदारों के पास निजी भूमि पर अतिक्रमण के 18 मामले लंबित हैं, शहरी विकास में 20 शिकायतें लंबित है। नामांतरण की लंबित शिकायतों की ज्यादा संख्या पाई जाने पर कलेक्टर द्वारा अधीक्षक लैंड रिकॉर्ड को विशेष रूप से मानिटरिंग के लिए निर्देशित किया गया। इसके साथ ही निर्देश दिए कि ग्राम पंचायतों में सोमवार, गुरुवार को पटवारी अपनी निश्चित पंचायत में उपस्थित रहे। वहां पटवारी का नाम तथा उसके मिलने का समय भी अंकित कराया जाए। पटवारियों को कोई भी तहसीलदार अथवा नायब तहसीलदार छुट्टी नहीं देंगे। अनुपस्थित रहने पर प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के कार्यपालन यंत्री आरएस तोमर को शोकॉज नोटिस जारी करने के निर्देश कलेक्टर द्वारा दिए गए।

## टीएल में की अन्य विभागों की भी समीक्षा



## किसी को सराहना मिली तो किसी को हिदायत

कलेक्टर ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री को बैठक में निर्देशित किया कि आगामी ग्रीष्म के दौरान जिले में ग्रामीण क्षेत्रों की सुचारू पेयजल व्यवस्था के लिए एक्शन प्लान बनाकर तत्काल शासन को भेजें। यह कार्य आगामी 28 फरवरी के पूर्व कर लिया जाए। वन अधिकार अधिनियम के तहत हितग्राहियों को भू अधिकार पत्र दिए जाने की समीक्षा के दौरान कलेक्टर द्वारा अच्छा कार्य किए जाने पर एसडीएम सैलाना तथा सैलाना, बाजना तहसीलदारों की सराहना की गई। बैठक में कलेक्टर ने डीपीसी द्वारा सक्रियता से कार्य नहीं किए जाने पर सख्त नाराजगी व्यक्त की। जनसुनवाई में आए हुए आवेदनों के निराकरण में रतलाम शहर के सर्वाधिक 246 आवेदन निराकरण के लिए लंबित है, इस पर कलेक्टर द्वारा शहर तहसीलदार नवीन गर्ग को तेजी से कार्य करने के निर्देश दिए गए। महिला बाल विकास विभाग के अंतर्गत शासन के एकीकृत पोषण प्रबंधन कार्यक्रम के क्रियान्वयन में रतलाम जिले का राज्य में चौथा स्थान है तथा संभाग में प्रथम स्थान है। कलेक्टर द्वारा उल्लेखनीय कार्य पर विभाग की सराहना की गई।

### पिछले साल से ज्यादा किसानों ने करवाया पंजीयन

जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि जिन पंजीयन केंद्रों पर पंजीयन कार्य की गति धीमी है, उनमें सैलाना, धामनोद, आंबा, भोजाखेड़ी, किशनपुर शामिल है। कलेक्टर डाड ने निर्देशित किया कि धीमे पंजीयन कार्य वाले केंद्रों पर गति लाने के लिए सहकारिता निरीक्षक तैनात किए जाएं। जिले में 65 केंद्रों पर समर्थन मूल्य गेहूं उपार्जन के लिए किसानों का पंजीयन जारी है, अब तक 32 हजार किसानों द्वारा अपना पंजीयन कराया जा चुका है। गत वर्ष की तुलना में पंजीयन की स्थिति बहुत बेहतर है। गत वर्ष इस अवधि तक मात्र 17 हजार किसानों द्वारा पंजीयन कराया गया था। बैठक में अपर कलेक्टर जमुना भिड़े, सीईओ जिला पंचायत संदीप केरकेट्टा, एसडीएम अभिषेक गहलोत आदि मौजूद रहे।


अनदेखी उजागर कांग्रेस के युवा नेता पूर्व पार्षद फैय्याज मंसूरी ने कहा मुख्यमंत्री के दौरे के

# मुख्यमंत्री के आगमन जैसी सफाई,

रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क

रतलाम शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने की जिस तरह कोशिश की जा रही है उस कोशिश में लगता है कि जानबूझकर कमी की जा रही है। वरन रतलाम साफ-स्वच्छ और सुंदर होकर प्रदेश ही नहीं देश के लिए भी रोल मॉडल हो सकता है।

यह कहना है कांग्रेस के युवा नेता पूर्व पार्षद फैय्याज मंसूरी का। फैय्याज मंसूरी द्वारा बयान जारी कर बताया गया कि रतलाम में पिछले दिनों प्रदेश के मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर नगर निगम ने जिस मुस्तैदी से उनके आने-जाने वाले रास्तों की सफाई करवाई थी उससे रतलाम नगर की सड़कें साफ चकाचक दिखाई देने लगी थी, लेकिन मुख्यमंत्री के दौरे के बाद वापस इन सड़कों पर धूल जम गई है और नगर निगम के जिम्मेदार सफाई नहीं कर रहे हैं जिससे शहर साफ



नजर नहीं आ रहा है। शहर की सफाई व्यवस्था में उसी तरह की सक्रियता बरती जाकर नगर की साफ-सफाई करवाई जाए तो शहर की तस्वीर बदलती नजर आएंगी, लेकिन देखा जा रहा है कि मुख्यमंत्री के जाने के बाद फिर से सड़कों की साइडों पर धूल-मिट्टी और कचरा बिखरा नजर आता है।

## सफाई के प्रति गंभीर नहीं प्रशासन

काश, नगर निगम द्वारा अगर रोजाना शहर की सफाई व्यवस्था उसी मु... जाएं तो नगर साफ और... फैय्याज मंसूरी ने निगम...

स कुल आंकड़ा पहुंचा 48 ल

# गणना क

महाविद्याल...

स्नातक तृतीय व... परीक्षा आज

पूरक के परीक्षा फार्म... होगी। विश्व विद्यालय... पर घर से उत्तर पुस्तिक... सोमवार को जमा कर... भी प्रेषित कर सकते है...



भानपुरा ■ रा...

क्षेत्र के प्र... दुधाखेड़ी माता... गणना का कार्य... मनोज पुष्पए... आरणपीण्वर्मा वे... राकेश यादव के... रवि शर्मा द्वार... प्रारंभ किया ग... मंदिर लेखापाल... गया कि गणना... बुधवार को भी... 11 बजे से देर... नोटो की गण... 550 रुपये ए...

---

## मुख्यमंत्री के आगमन जैसी सफाई अब क्यों नहीं

फैय्याज मंसूरी

रतलाम। रतलाम शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने की जिस तरह कोशिश की जा रही है उस कोशिश में लगता है कि जानबूझकर कमी की जा रही है वरन रतलाम साफ-स्वच्छ और सुंदर होकर प्रदेश ही देश के लिए रोल मॉडल हो सकता है। यह कहना है कांग्रेस के युवा नेता पूर्व पार्षद फैय्याज मंसूरी का। फैय्याज मंसूरी द्वारा प्रेस नोट के माध्यम से बताया गया कि रतलाम में पिछले दिनों प्रदेश के मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर नगर निगम ने जिस मुस्तैदी से उनके आने-जाने वाले रास्तों की सफाई करवाई थी उससे रतलाम नगर की सड़कें साफ चकाचक दिखलाई दी थी। शहर की सफाई व्यवस्था में उसी तरह की सक्रियता बरती जाकर नगर की साफ-सफाई करवाई जाए तो शहर की तस्वीर बदलती नजर आएंगी। लेकिन देखा जा रहा है कि मुख्यमंत्री के जाने के बाद फिर से सड़कों की साइडों पर धूल-मिट्टी और कचरा बिखरा नजर आता है। काश, नगर निगम द्वारा अगर रोजाना शहर की सफाई व्यवस्था उसी मुस्तैदी के साथ गंभीरता से की जाएं तो नगर साफ और सुंदर नजर आएगा। पूर्व पार्षद फैय्याज मंसूरी ने निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया से मांग की है कि शहर की सफाई व्यवस्था को और मजबूत बनाए जाने के लिए निगम स्वास्थ्य अमले को गंभीरता के साथ मुस्तैद किया जाएं। स्वदेश

---

## पूर्व पार्षद ने उठाए स्वच्छता अभियान पर सवाल

रतलाम. नगर निगम के पूर्व पार्षद व वरिष्ठ कांग्रेस नेता फैय्याज मंसूरी ने स्वच्छता सर्वेक्षण 2021 पर सवालिया निशान उठा दिए हैं। मंसूरी ने निगम के अधिकारियों को पत्र लिखकर सवाल किया है कि जिस तरह की सफाई मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान के आने पर हुई वैसी ही प्रतिदिन क्यों नहीं होती है। शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने की जिस तरह कोशिश की जा रही है उस कोशिश में लगता है कि जानबूझकर कमी की जा रही है वरन रतलाम साफ-स्वच्छ और सुंदर होकर प्रदेश ही देश के लिए रोल मॉडल हो सकता है। पूर्व पार्षद ने निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया से मांग की है कि शहर की सफाई व्यवस्था को और मजबूत बनाए। पत्रिका

---

## सीएम के दौरे पर सफाई रही, बाद में गंदगी

प्रदेश टुडे

रतलाम। रतलाम साफ-स्वच्छ और सुंदर होकर प्रदेश ही नहीं देश के लिए रोल मॉडल हो सकता है, लेकिन शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में जानबूझकर कमी की जा रही है। यह बात कांग्रेस नेता व पूर्व पार्षद फैय्याज मंसूरी ने कही। मंसूरी ने कहा कि गत दिनों मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर नगर निगम ने जिस मुस्तैदी से उनके आने-जाने वाले रास्तों की सफाई करवाई थी। उसी तरह की सक्रियता बरती जाए तो शहर की तस्वीर बदलती नजर आएंगी। मुख्यमंत्री के जाने के बाद फिर से सड़कों की साइडों पर धूल-मिट्टी और कचरा बिखरा नजर आता है। मंसूरी ने निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया से शहर की सफाई व्यवस्था को बेहतर करने के लिए निगम अमले को मुस्तैदी से तैनात करने की मांग की है।

# विकास की सौगातें देने पर विधायक काश्यप का अभिनंदन

**रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क**

1800 हेक्टेयर क्षेत्र में 1800 करोड की लागत वाला प्रदेश का दूसरा निवेश क्षेत्र स्वीकृत कराने एवं पांच साल की रोडमेप की कई योजनाएं स्वीकृत कराने पर ओदुम्बर ब्राह्मण समाज, जांगीड ब्राह्मण समाज एवं ओदुम्बर ब्राह्मण महासभा सहित अन्य संस्थाओं ने विधायक चेतन्य काश्यप का अभिनंदन किया। श्री काश्यप द्वारा अयोध्या में भगवान श्रीराम के भव्य राम मंदिर निर्माण हेतु 1 करोड की राशि समर्पित करने पर भी उनका सम्मान किया गया।



## तस्वीर भेंटकर किया सम्मान

श्री जांगीड ब्राह्मण समाज महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष जनक नागल और अध्यक्ष पुष्पेन्द फलोदिया के नेतृत्व में समाजजनों ने श्री काश्यप का शाल, श्रीफल एवं भगवान श्री विश्वकर्मा की तस्वीर भेंट कर सम्मान किया। श्री ओदुम्बर ब्राह्मण समाज द्वारा अध्यक्ष प्रवीण कुमार उपाध्याय के नेतृत्व में श्री काश्यप का सम्मान किया गया। ओदुम्बर ब्राह्मण महासभा के सदस्यों एवं महिला मंडल ने इन्दु उपाध्याय के नेतृत्व में स्वागत व सम्मान किया। इस दौरान बडी संख्या में समाजजन उपस्थित थे। तेजस्वी भारत की बेटी संस्था की ओर से अध्यक्ष डॉ.स्मिता शर्मा, संस्था संरक्षक एवं आयुष ग्राम बंजली के संस्थापक डॉ.राजेश शर्मा ने भी श्री काश्यप का अभिनंदन किया। खेल चेतना मेला आयोजन समिति के सदस्यों ने भी समिति सचिव मुकेश जैन, क्रीडा भारती के जिलाध्यक्ष डॉ.गोपाल मजावदिया एवं सचिव अनुज शर्मा के नेतृत्व में श्री काश्यप का अभिनंदन कर रतलाम के विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। इस दौरान बडी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे। आर्ट ऑफ लिविंग परिवार के रविन्द्र गेहलोत एवं लक्ष्मण पाठक ने स्वामी विवेकानंद की तस्वीर भेंट कर श्री काश्यप का सम्मान किया।

# विकास की सौगातें देने पर विधायक काश्यप का स्वागत

**दबंग रिपोर्टर ■ रतलाम**

1800 हेक्टेयर क्षेत्र में 1800 करोड की लागत वाला प्रदेश का दूसरा निवेश क्षेत्र स्वीकृत कराने एवं पांच साल की रोड्मेप की कई योजनाएं स्वीकृत कराने पर औदुम्बर ब्राह्मण समाज, जांगीड़ ब्राह्मण समाज एवं औदुम्बर ब्राह्मण महासभा सहित अन्य संस्थाओं ने विधायक चेतन्य काश्यप का अभिनंदन किया।



श्री काश्यप द्वारा अयोध्या में भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर निर्माण हेतु 1 करोड़ की राशि समर्पित करने पर भी उनका सम्मान किया गया।

श्री जांगीड़ ब्राह्मण समाज महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष जनक नागल और अध्यक्ष पुष्पेन्द्र फलोदिया के नेतृत्व में समाजजनों ने श्री काश्यप का शाल, श्रीफल एवं भगवान श्री विश्वकर्मा की तस्वीर भेंट कर सम्मान किया। श्री औदुम्बर ब्राह्मण समाज द्वारा अध्यक्ष प्रवीण कुमार उपाध्याय के नेतृत्व में श्री काश्यप का सम्मान किया गया। औदुम्बर ब्राह्मण महासभा के सदस्यों एवं महिला मंडल ने इन्दु उपाध्याय के नेतृत्व में स्वागत व सम्मान किया। इस दौरान बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे। तेजस्वी भारत की बेटी संस्था की ओर से अध्यक्ष डॉ. स्मिता शर्मा, संस्था संरक्षक एवं आयुष ग्राम बंजली के संस्थापक डॉ. राजेश शर्मा ने भी श्री काश्यप का अभिनंदन किया। खेल चेतना मेला आयोजन समिति के सदस्यों ने भी समिति सचिव मुकेश जैन, क्रीड़ा भारती के जिलाध्यक्ष डॉ. गोपाल मजावदिया एवं सचिव अनुज शर्मा के नेतृत्व में श्री काश्यप का अभिनंदन कर रतलाम के विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। इस दौरान बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे। आर्ट ऑफ लिविंग परिवार के रविन्द्र गेहलोत एवं लक्ष्मण पाठक ने स्वामी विवेकानंद की तस्वीर भेंट कर श्री काश्यप का सम्मान किया।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–प्रसारण–पृष्ठ 12 दिनांक 13/02/2021

# विकास की सौगातें देने पर विधायक काश्यप का अभिनंदन किया



प्रसारण न्यूज़ • रतलाम

1800 हेक्टेयर क्षेत्र में 1800 करोड़ की लागत वाला प्रदेश का दूसरा निवेश क्षेत्र स्वीकृत कराने एवं पांच साल की रोडमैप की कई योजनाएं स्वीकृत कराने पर ओदुम्बर ब्राह्मण समाज, जांगिड़ ब्राह्मण समाज एवं ओदुम्बर ब्राह्मण महासभा सहित अन्य संस्थाओं ने विधायक चेतन्य काश्यप का अभिनंदन किया। श्री काश्यप द्वारा अयोध्या में भगवान श्रीराम के भव्य राम मंदिर निर्माण हेतु 1 करोड़ की राशि समर्पित करने पर भी उनका सम्मान किया गया।

श्री जांगिड़ ब्राह्मण समाज महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष जनक नागल और अध्यक्ष पुष्पेन्द्र फलोदिया के नेतृत्व में समाजजनों ने श्री काश्यप का शाल, श्रीफल एवं भगवान श्री विश्वकर्मा की तस्वीर भेंट कर सम्मान किया। श्री ओदुम्बर ब्राह्मण समाज द्वारा अध्यक्ष प्रवीण कुमार उपाध्याय के नेतृत्व में श्री काश्यप का सम्मान किया गया। ओदुम्बर ब्राह्मण महासभा के सदस्यों एवं महिला मंडल ने इन्दु उपाध्याय के नेतृत्व में स्वागत व सम्मान किया।

इस दौरान बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे। तेजस्वी भारत की बेटी संस्था की ओर से अध्यक्ष डॉ. स्मिता शर्मा, संस्था संरक्षक एवं आयुष ग्राम बंजली के संस्थापक डॉ. राजेश शर्मा ने भी श्री काश्यप का अभिनंदन किया। खेल चेतना मेला आयोजन समिति के सदस्यों ने भी समिति सचिव मुकेश जैन, [illegible] के जिलाध्यक्ष डॉ. गोपाल मंडोविदिया एवं सचिव अनुज शर्मा के नेतृत्व में श्री काश्यप का अभिनंदन कर रतलाम के विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।

इस दौरान बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे। आर्ट ऑफ लिविंग परिवार के रविन्द्र गेहलोत एवं लक्ष्मण पाठक ने स्वामी विवेकानंद की तस्वीर भेंट कर श्री काश्यप का सम्मान किया।

## आम[जन] की सहभागिता से रतलाम को मिला ओडीएफ का खिताब

रतलाम। स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 के तहत रतलाम शहर को स्वच्छता की दौड़ में नम्बर 1 बनाने के प्रयासो को पंख लगने लगे है। इसी के तहत हुए सर्वे में शहर को ओडीएफ घोषित किया गया है। इस उपलब्धि पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने कहा कि यह नगर निगम की टीम के साथ ही आमजन की सहभागिता का परिणाम है। नगर को मिले ओडीएफ.खिताब को लेकर किए गए प्रयासों का निरीक्षण उज्जैन व भोपाल के विषेशज्ञों की टीम ने किया था और निरीक्षण के दौरान स्वच्छता को लेकर नगर निगम द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की थी। रतलाम को स्वच्छ व सुन्दर बनाने के इन्ही प्रयासो के चलते शहर के गांधीनगर, जवाहर नगर, लक्ष्मणपुरा, राजगढ़ नयागांव, मीराकुटी, इंदिरा नगर, पंत नगर, रिटायर्ड कालोनी, डालूमोदी बाजार, धानमण्डी, चौमुखीपुल, चांदनी चौक, अमृत सागर उद्यान, एसटी स्टीफन क्षेत्र, कालिका माता उद्यान, कालिका माता मंदिर क्षेत्र, महू रोड, बस स्टैण्ड, महावीर नगर, अमृत सागर तालाब, झाली तालाब, अम्बेडकर नगर, अम्बिका नगर, मौमिनपुरा, मोहन नगर, 80 फीट रोड, त्रिवेणी क्षेत्र, अम्बेडकर मैदान, नगर निगम क्षेत्र महू रोड, बस स्टैण्ड, नजरबाग, जिला अस्पताल क्षेत्र व भुट्टा बाजार क्षेत्र में टायलेट से लेकर क्षेत्र में गंदगी नहीं पाई गई।

## रतलाम को मिला ओडीएफ डबल प्लस का खिताब

रतलाम। स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 के तहत रतलाम शहर को स्वच्छता की दौड़ में नम्बर 1 बनाने के प्रयासो को पंख लगने लगे है। इसी के तहत हुए सर्वे में शहर को ओडीएफ.घोशित किया गया है। इस उपलब्धि पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने कहा कि यह नगर निगम की टीम के साथ ही आमजन की सहभागिता का परिणाम है।

नगर को मिले ओडीएफ डबल प्लस खिताब को लेकर किए गए प्रयासों का निरीक्षण उज्जैन व भोपाल के विषेशज्ञों की टीम ने किया था, और निरीक्षण के दौरान स्वच्छता को लेकर नगर निगम द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की थी।

रतलाम को स्वच्छ व सुन्दर बनाने के इन्ही प्रयासों के चलते षहर के गांधीनगर, जवाहर नगर, लक्ष्मणपुरा, राजगढ़ नयागांव, मीराकुटी, इंदिरा नगर, पंत नगर, रिटायर्ड कालोनी, डालूमोदी बाजार, धानमण्डी, चौमुखीपुल, चांदनी चौक, अमृत सागर उद्यान, एसटी स्टीफन क्षेत्र, कालिका माता उद्यान, कालिका माता मंदिर क्षेत्र, महू रोड, बस स्टैण्ड, महावीर नगर, अमृत सागर तालाब, झाली तालाब, अम्बेडकर नगर, अम्बिका नगर, मौमिनपुरा, मोहन नगर, 80 फीट रोड, त्रिवेणी क्षेत्र, अम्बेडकर मैदान, नगर निगम क्षेत्र महू रोड, बस स्टैण्ड, नजरबाग, जिला अस्पताल क्षेत्र व भुट्टा बाजार क्षेत्र में टायलेट से लेकर क्षेत्र में गंदगी नहीं पाई गई।

## रतलाम को मिला ओडीएफ.का खिताब

रतलाम । स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 के तहत रतलाम षहर को स्वच्छता की दौड़ में नम्बर 1 बनाने के प्रयासो को पंख लगने लगे है। इसी के तहत हुए सर्वे में षहर को ओडीएफ.घोशित किया गया है। इस उपलब्धि पर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने कहा कि यह नगर निगम की टीम के साथ ही आमजन की सहभागिता का परिणाम है। नगर को मिले ओडीएफ. खिताब को लेकर किए गए प्रयासों का निरीक्षण उज्जैन व भोपाल के विषेशज्ञों की टीम ने किया था, और निरीक्षण के दौरान स्वच्छता को लेकर नगर निगम द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की थी।

## आमजन की सहभागिता से रतलाम को मिला ओडीएफ का खिताब

रतलाम। स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 के तहत रतलाम शहर को स्वच्छता की दौड़ में नम्बर 1 बनाने के प्रयासों को पंख लगने लगे है। इसी के तहत हुए सर्वे में शहर को ओडीएफ घोषित किया गया है। इस उपलब्धि पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने कहा कि यह नगर निगम की टीम के साथ ही आमजन की सहभागिता का परिणाम है। नगर को मिले ओडीएफ.खिताब को लेकर किए गए प्रयासों का निरीक्षण उज्जैन व भोपाल के विषेशज्ञों की टीम ने किया था और निरीक्षण के दौरान स्वच्छता को लेकर नगर निगम द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की थी। रतलाम को स्वच्छ व सुन्दर बनाने के इन्ही प्रयासों के चलते शहर के गांधी नगर, जवाहर नगर, लक्ष्मणपुरा, राजगढ़ नयागांव, मीराकुटी, इंदिरा नगर, पंत नगर, रिटायर्ड कॉलोनी, डालूमोदी बाजार, धानमण्डी, चौमुखीपुल, चांदनी चौक, अमृत सागर उद्यान, एसटी स्टीफन क्षेत्र, कालिका माता उद्यान, कालिका माता मंदिर क्षेत्र, महू रोड, बस स्टैण्ड, महावीर नगर, अमृत सागर तालाब, झाली तालाब, अम्बेडकर नगर, अम्बिका नगर, मोमिनपुरा, मोहन नगर, 80 फीट रोड, त्रिवेणी क्षेत्र, अम्बेडकर मैदान, नगर निगम क्षेत्र महू रोड, बस स्टैण्ड, नजरबाग, जिला अस्पताल क्षेत्र व भुट्टा बाजार क्षेत्र में टायलेट से लेकर क्षेत्र में गंदगी नहीं पाई गई।

# आमजन की सहभागिता से रतलाम को मिला ओडीएफ का खिताब

दैनिक अवंतिका ● रतलाम

स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 के तहत रतलाम शहर को स्वच्छता की दौड़ में नम्बर 1 बनाने के प्रयासो को पंख लगने लगे है। इसी के तहत हुए सर्वे में शहर को ओडीएफ घोषित किया गया है। इस उपलब्धि पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने कहा कि यह नगर निगम की टीम के साथ ही आमजन की सहभागिता का परिणाम है।

नगर को मिले ओडीएफ खिताब को लेकर किए गए प्रयासों का निरीक्षण उज्जैन व भोपाल के विशेषज्ञों की टीम ने किया था और निरीक्षण के दौरान स्वच्छता को लेकर नगर निगम द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की थी।


रतलाम को स्वच्छ व सुन्दर बनाने के इन्ही प्रयासों के चलते शहर के गांधीनगर, जवाहर नगर, लक्ष्मणपुरा, राजगढ़ नयागांव, मीराकुटी, इंदिरा नगर, पंत नगर, रिटायर्ड कालोनी, डालूमोदी बाजार, धानमण्डी, चौमुखीपुल, चांदनी चौक, अमृत सागर उद्यान, एसटी स्टीफन क्षेत्र, कालिका माता उद्यान, कालिका माता मंदिर क्षेत्र, महू रोड, बस स्टैण्ड, महावीर नगर, अमृत सागर तालाब, झाली तालाब, अम्बेडकर नगर, अम्बिका नगर, मौमिनपुरा, मोहन नगर, 80 फीट रोड, त्रिवेणी क्षेत्र, अम्बेडकर मैदान, नगर निगम क्षेत्र महू रोड, बस स्टैण्ड, नजरबाग, जिला अस्पताल क्षेत्र व भुट्टा बाजार क्षेत्र में टायलेट से लेकर क्षेत्र में गंदगी नहीं पाई गई।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार प्रसारण ---पृष्ठ 14 दिनांक 13/02/2021

## समय सीमा पत्रों की बैठक में दी गई जानकारी

# कलेक्टर ने डीपीसी द्वारा सक्रियता से कार्य नहीं किए जाने पर सख्त नाराजगी व्यक्त की

### समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए अब तक 32 हजार किसानों ने कराया पंजीयन



प्रसारण न्यूज़ • रतलाम

जिले में 65 केंद्रों पर समर्थन मूल्य गेहूं उपार्जन के लिए किसानों का पंजीयन जारी है, अब तक 32 हजार किसानों द्वारा अपना पंजीयन कराया जा चुका है। गत वर्ष की तुलना में पंजीयन की स्थिति बहुत बेहतर है। गत वर्ष इस अवधि तक मात्र 17 हजार किसानों द्वारा पंजीयन कराया गया था। यह जानकारी शुक्रवार को संपन्न समय सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में दी गई। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती जमुना भिड़े, सीईओ जिला पंचायत संदीप केरकेट्टा, एसडीएम अभिषेक गहलोत, डिप्टी कलेक्टर सुश्री शिराली जैन, सुश्री मनीषा वास्कले तथा जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में जिला आपूर्ति अधिकारी विवेक सक्सेना ने बताया कि जिन पंजीयन केंद्रों पर पंजीयन कार्य की गति धीमी है, उनमें सैलाना, धामनोद, आंबा, भोजाखेड़ी, किशनपुर आदि सम्मिलित है। कलेक्टर श्री डाड ने निर्देशित किया कि धीमे पंजीयन कार्य वाले केंद्रों पर गति लाने के लिए सहकारिता निरीक्षक तैनात किए जाएं। कलेक्टर द्वारा सभी एस.डी. एम को निर्देशित किया गया कि पंजीयन के साथ-साथ रकबे के रैंडम सत्यापन का कार्य एस डी एम, तहसीलदार द्वारा किया जाए। उचित ढंग से सत्यापन अत्यावश्यक है, अन्यथा गेहूं खरीदी के समय कई प्रकार की शिकायतें उत्पन्न हो सकती है।

कलेक्टर द्वारा सभी एसडीएम को निर्देशित किया गया कि उनके संज्ञान के बगैर कोई भी पटवारी अपना मुख्यालय नहीं छोड़े। ग्राम पंचायतों में सोमवार, गुरुवार को पटवारी अपनी निश्चित पंचायत में उपस्थित रहे, वहां पटवारी का नाम तथा उसके मिलने का समय भी अंकित कराया जाए। पटवारियों को कोई भी तहसीलदार अथवा नायब तहसीलदार छुट्टी नहीं देंगे। कलेक्टर द्वारा अधीक्षक लैंड रिकॉर्ड को निर्देशित किया गया कि रतलाम शहर में उपलब्ध शासकीय भूमि को सूचीबद्ध करें। इसके साथ ही कलेक्टर द्वारा राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि अब भूमि आवंटन नजूल निवर्तन नियम के अनुसार ही होगा। सभी राजस्व अधिकारियों को नजूल निवर्तन नियम प्रक्रिया की ट्रेनिंग दी जा चुकी है। समस्त शासकीय भूमि नजूल भूमि कहलाएगी, सभी राजस्व अधिकारी नजूल निवर्तन नियमों का भली-भांति अध्ययन कर लें।

बैठक में बताया गया कि महिला बाल विकास विभाग के अंतर्गत शासन के एकीकृत पोषण प्रबंधन कार्यक्रम के क्रियान्वयन में रतलाम जिले का राज्य में चौथा स्थान है तथा संभाग में प्रथम स्थान है। कलेक्टर द्वारा उल्लेखनीय कार्य पर विभाग की सराहना की गई। साथ ही बाजना में पोषण पुनर्वास केंद्र के कार्य में सुधार लाने के निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में खनिज विभाग द्वारा 5 शिकायतों के संतुष्टिपूर्वक निराकरण करते हुए शिकायतों की स्थिति शून्य पर लाने की भी कलेक्टर द्वारा प्रशंसा की गई।

खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा भी 3 शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण बताया गया। बैठक में जानकारी दी गई कि राजस्व विभाग के तहसीलदारों के पास निजी भूमि पर अतिक्रमण के 18 मामले लंबित हैं, शहरी विकास में 20 शिकायतें लंबित है। नामांतरण की लंबित शिकायतों की ज्यादा संख्या पाई जाने पर कलेक्टर द्वारा अधीक्षक लैंड रिकॉर्ड को विशेष रूप से मॉनिटरिंग के लिए निर्देशित किया गया।

वन अधिकार अधिनियम के तहत हितग्राहियों को भू अधिकार पत्र दिए जाने की समीक्षा के दौरान कलेक्टर द्वारा अच्छा कार्य किए जाने पर एस डी एम सैलाना तथा सैलाना, बाजना तहसीलदारों की सराहना की गई। बताया गया कि सैलाना तथा बाजना क्षेत्रों में लगभग 3500 दावे क्लियर किए जा चुके हैं, अभी करीब 2500 दावों का निपटारा बाकी है।

कलेक्टर द्वारा ग्राम वन समितियों को सक्रिय करने के निर्देश दिए गए। बैठक में कलेक्टर ने डीपीसी द्वारा सक्रियता से कार्य नहीं किए जाने पर सख्त नाराजगी व्यक्त की। वार्षिक कार्य योजना तत्काल तैयार करने के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई में आए हुए आवेदनों के निराकरण की भी कलेक्टर द्वारा समीक्षा की गई। कलेक्टर ने पाया कि रतलाम शहर के सर्वाधिक 246 आवेदन निराकरण के लिए लंबित है, इस पर कलेक्टर द्वारा शहर तहसीलदार नवीन गर्ग को तेजी से कार्य करने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा जावरा शहर के 40, आलोट में 10, ताल में 15 तथा रावटी में 30 जनसुनवाई आवेदन निराकरण के लिए शेष पाए गए। रावटी तहसीलदार को कार्य प्रणाली में तेजी लाने के लिए निर्देशित किया गया।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री को बैठक में निर्देशित किया गया कि आगामी ग्रीष्म के दौरान जिले में ग्रामीण क्षेत्रों की सुचारू पेयजल व्यवस्था के लिए एक्शन प्लान बनाकर तत्काल शासन को भेजें। यह कार्य आगामी 28 फरवरी के पूर्व कर लिया जाए।

पेयजल परिरक्षण अधिनियम के तहत आदेश जारी करने हेतु 28 फरवरी के पश्चात विचार किया जाएगा। बी पी एल कार्डधारकों की आधार सीडिंग की समीक्षा में कलेक्टर द्वारा सैलाना, बाजना तथा रतलाम ग्रामीण क्षेत्रों में कार्य में गति लाने के निर्देश दिए गए। बताया गया कि सैलाना में 8696, रतलाम जनपद में 8007 आधार सीडिंग शेष है। बैठक में अनुपस्थित रहने पर प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के कार्यपालन यंत्री आर.एस. तोमर को शोकॉज नोटिस जारी करने के निर्देश कलेक्टर द्वारा दिए गए। प्रसारण

# टीकाकरण के लिए उत्साहित नजर आए निगमकर्मी

## आंबेडकर भवन में कतार में लगकर टीका लगवाने के लिए करते रहे इंतजार

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. कोरोना की शुरुआत से लेकर अब तक शहर को साफ सुथरा रखकर लोगों की सुरक्षा में जुटे नगर निगम के सफाई कर्मियों सहित अन्य स्टाफ को टीका लगना अब शुरू हो गया है। निगम कर्मियों को लगने वाले टीके को लेकर उनमें काफी उत्साह नजर आ रहा है। शहर में आंबेडकर भवन में निगम कर्मियों का टीकाकरण किया जा रहा है जिसके चलते उनमें काफी उत्साह नजर आ रहा है।

यह पहला मौका है जब टीकाकरण को लेकर किसी विभाग के कर्मचारियों में इतना उत्साह नजर आया है जबकि इसके पूर्व से राजस्व, पुलिस और स्वास्थ्य विभाग के अमले को टीका लगाए जाने के दौरान उनमें यह उत्साह कम नजर आया था लेकिन आंबेडकर भवन में जब निगमकर्मियों को टीका लगना था तो उसे लेकर यहां पर सुबह से कर्मचारियों की लंबी कतार लगी नजर आई।



टीकाकरण के लिए कतार में खड़े निगमकर्मी।

**दोनों वैक्सीन लगा रहे :** कोरोना टीकाकरण को लेकर कर्मचारी और अधिकारियों को जो टीके लगाए जा रहे हैं उनमें कोविशील्ड और कोवाक्सिन दोनों शामिल हैं। शहर में मेडिकल कॉलेज, बाल चिकित्सालय, रेलवे अस्पताल, डीआरपी लाइन, आंबेडकर भवन सहित कई स्थानों पर टीकाकरण का कार्य चल रहा है। टीकाकरण के लिए भी जिन कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है, वह बिना किसी अवकाश के प्रतिदिन इस काम को कर रहे हैं।

पत्रिका

# छह केंद्रों पर 516 फ्रंट लाइन वर्करों को लगा कोरोना का टीका



आंबेडकर मांगलिक भवन में कोरोना का टीका लगवाती हुई निगम कर्मचारी। • नईदुनिया


रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। शुक्रवार को जिले के छह केंद्रों में ही कोरोना टीकाकरण हुआ। 875 फ्रंट लाइनवर्कर को बुलाया गया, जिसमें 516 ने टीका लगवाया। सभी को मैसेज या फोन करके बुलाया गया था। नए कलेक्टोरेट, पुराना कलेक्टोरेट, जावरा एक एवं दो, आलोट और बीसीआर केंद्र में टीकाकरण किया गया। शुक्रवार को नियमित टीकाकरण के कारण 15 केंद्रों में से छह पर ही टीकाकरण किया गया। 58.9 प्रतिशत लोगों का टीकाकरण किया गया।

**165 रिपोर्ट में चार नए पॉजिटिव मिले :** मेडिकल कॉलेज लैब और रैपिड एंटीजन की 165 रिपोर्ट में शुक्रवार को चार नए पॉजिटिव मिले। फरवरी के 12 दिन में 45 नए मरीज मिले, 67 स्वस्थ हुए और दो की मौत हो गई। जनवरी के 12 दिन में 146 नए मरीज मिले थे और 155 एक्टिव थे, जबकि इस महीने अब तक 45 नए मरीज मिले और 44 एक्टिव है। जिले में संक्रमितों की कुल संख्या 4385 पहुंच गई है। एक नया मरीज डिस्चार्ज होने पर 4259 स्वस्थ हो गए, जबकि 82 की मौत हुई। कोरोना की रफ्तार में इस महीने काफी रोक लगी है।

**निगमकर्मियों ने लगवाया कोरोना का टीका :** फ्रंट लाइन वर्करों को लगाए जा रहे कोरोना टीकाकरण अभियान के तहत डा. आंबेडकर मांगलिक भवन पोलोग्राउंड में नगर निगम के मैदानी व कार्यालय के अधिकारी और कर्मचारियों ने कोरोना का टीका लगवाया।

नईदुनिया

# निगम आयुक्त व निगम अधिकारियों ने लगवाया कोरोना का टीका



रतलाम। फ्रंट लाईन वर्करों को लगाये जा रहे कोरोना टीकाकरण अभियान के तहत निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने डीआरपी लाईन स्थित कोविड वेक्सीन सेंटर 21 में कोरोना का टीका लगवाया। इसके अलावा उपायुक्त विकास सोलंकी, कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, जी.के. जायसवाल, सहायक यंत्र श्याम सोनी, उपयंत्री राजेश पाटीदार सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारियों ने भी डीआरपी लाईन स्थित कोविड वेक्सीन सेंटर 21 सहित अन्य सेन्टरों पर कोरोना का टीका लगवाया।